समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Tuesday, 29 September 2026

# सीजफायर के बाद बुलेट की स्पीड से भागा शेयर बाजार, इन कंपनियों के स्टॉक मे आया जबरदस्त उछाल।

Publisher
Published on 12 May 2025



## भारत-पाक सीमा पर तनाव कम होने के साथ ही सेसेंक्स और निफ्टी मे तेज उछाल देखने को मिला. खासकर, डिफेसं इक्विपमेटं बनाने और सप्लाई करने वाली कंपनियों के शेयरों मे तेजी आई.

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद सोमवार को शेयर बाजार बुलेट की स्पीड से भागा. सेंसेक्स और निफ्टी दोनों की ही शानदार शुरुआत हुई. दोनों ही इंडेक्स में 3 परसेंट से अधिक की तेजी आई. जहां निफ्टी 50 24,800 के ऊपर पहुंच गया, वहीं बीएसई सेंसेक्स 82,100 के पार चला गया. दोपहर 2:11 बजे निफ्टी 50 834 अंक या 3.48 परसेंट की बढ़त के साथ 24,842.35 पर कारोबार कर रहा था. बीएसई सेंसेक्स 2,678 अंक या 3.37 परसेंट की उछाल के साथ 82,132.08 पर रहा.

इन शेयरों में आया उछाल
BSE में अभी भी 2675 अंकों की बढ़त है. गौर फरमाने वाली बात है कि भारत के लिए डिफेंस इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी और हथियार बनाने वाली कंपनियों को weapon इक्विपमेंट सप्लाई करने वाली कंपनियों के शेयरों में बढ़ोतरी हुई. इनमें भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (BEL), भारत डायनामिक्स सलिमिटेड (BDL), सी2सी एडवांस (aerospace and Defence), लार्सेन ( इंजीनियरिंग), मिश्र धातु ( आयरन स्टील), आइडियाफोर्जे टेक जैसे नाम शामिल हैं. आज के कारोबारी सेशन में इन शेयरों में खूब उछाल आया.

विदेशी निवेशकों को भारत पर भरोसा

TOI की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इंवेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वीके विजयकुमार कहते हैं, भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर से बाजार में तेजी आई है. विदेशी निवेशकों की खरीदारी इस तेजी की एक बड़ी वजह है, जो पिछले शुक्रवार को छोड़कर सोलह दिनों तक लगातार बनी रही, जब दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर था. वित्त वर्ष 2026 में जीडीपी और आय में सुधार आने की उम्मीदें और महंगाई व ब्याज दरों में गिरावट जैसे घरेलू मैक्रोज बाजार में फिर से तेजी आने के संकेत हैं.

इन शेयरों के फेवर में विदेशी निवेशक

उन्होंने आगे कहा, विदेशी निवेशकों का मानना है कि आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, आरआईएल, एलएंडटी, भारती, अल्ट्राटेक, एमएंडएम और आयशर जैसी बड़ी कंपनियों के पक्ष में हैं, जिससे ये तेजी आई है. मिडकैप आईटी और डिजिटल स्टॉक दूसरे सेगमेंट हैं, जिन पर नजर रखी चाहिए. अमेरिका में दवाओं की कीमतें कम होने के ट्रंप के ऐलान के बाद फार्मा स्टॉक निकट भविष्य में दबाव में आ सकते हैं.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.